
# गीडा में बनेगी फूड प्रोसेसिंग यूनिट की जरूरतों की मशीन

राजीव रंजन • जागरण

गोरखपुर: गीडा में अब उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार मशीनें तैयार की जाएंगी। हाटा, कुशीनगर के निवासी और गुजरात के उद्यमी राजेंद्र रमाकांत विश्वकर्मा गोरखपुर के गीडा में स्पेशल परपज मशीन मैनुफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने जा रहे हैं। यह यूनिट फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप मशीनें तैयार करेगी। गीडा के 36वें स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजेंद्र को सेक्टर-13 में भूखंड का आवंटन पत्र सौंपा। इस प्रोजेक्ट की लागत लगभग 2.5 करोड़ रुपये है, जिससे करीब 200 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में औद्योगिक निवेश में लगातार वृद्धि हो रही है। इस नई यूनिट के माध्यम से फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी। पूर्वांचल में कृषि उत्पादन की विविधता और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर के लिए अनुकूल माहौल होने के बावजूद, अत्याधुनिक मशीनरी उत्पादन की सुविधा सीमित रही है। ऐसे में राजेंद्र ने फूड प्रोसेसिंग यूनिट की जरूरतों के अनुसार मशीन तैयार करने की योजना बनाई है। इस यूनिट की स्थापना से स्थानीय उद्यमियों को मशीनें आसानी से उपलब्ध होंगी, जिससे उत्पादों की गुणवत्ता और क्षमता में वृद्धि होगी।

> स्थानीय युवाओं को तकनीकी, असेंबली, गुणवत्ता परीक्षण, पैकेजिंग और प्रबंधन में रोजगार मिलेगा। इससे क्षेत्र में कौशल विकास और औद्योगिक माहौल को बढ़ावा मिलेगा।
>
> राजेंद्र रमाकांत विश्वकर्मा, उद्यमी।



परियोजना शुरू होने के बाद, अगले कुछ महीनों में मशीनरी निर्माण और परीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। चेंबर आफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आरएन सिंह ने कहा कि गीडा में बढ़ते औद्योगिक निवेश के बीच यह यूनिट फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को नई ऊर्जा देगी। स्थानीय स्तर पर मशीन निर्माण से उद्यमियों का समय और लागत दोनों बचेंगे। गीडा के एसीईओ राम प्रकाश ने बताया कि इस तरह की इकाई औद्योगिक क्षेत्र के लिए लाभदायक होती है।